# KRISHI VIGYAN KENDRA, KUMHER-BHARATPUR

**DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION**

**(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)**

Dr. Navab Singh Mob- 91-9414544054

Senior Scientist & Head E mail- pc.kvk.kumher@sknau.ac.in


क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/852 दिनांकः 20.08.2024

## खुली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) फार्म पर वर्ष 2024–25 के लिए केन्द्र पर उद्यान यूनिट के पेड जिसमें बेर–60 पेड, अमरूद–98 पेड, अनार–25 पेड और आंवला–31 पेडों के फलों की खुली बोली द्वारा नीलामी की जावेगी । अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 31.08. 2024 को दोपहर 1:00 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते हैं। बोली में सम्मिलित होने के लिए 4000/– रू. का डी.डी/बैंकर्स चैक/नगद जमा कर कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के नाम बनवाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। खुली नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**केन्द्र पर उद्यान की यूनिट में फलदार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–**

1. समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढें एवं हस्ताक्षर करें।
2. ये ठेका 31.03.2025 या वर्ष 2024–25 की फलों की समाप्ति तक मान्य होगा।
3. स्वीकृत निविदादाता को सिंचाई संबंधी पम्पसैट, पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को ही करनी होगी।
4. बेर बाग, मातृ वृक्ष बगीचा में लगे फल देने वाले पेड–पौधों में (अमरूद, आंवला, बेर व अनार) निराई, गुडाई, थांवले बनाना, सिंचाई व खाद उर्वरक डालने का कार्य स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
5. बेर बाग, मदर ऑरचार्ड में लगे फल देने वाले पेड–पौधों में (अमरूद, आंवला, बेर व अनार) उच्चतम बोलीदाता को ही दिया जायेगा। केन्द्र के फल देने वाले पेड–पौधों में (अमरूद, आंवला, बेर व अनार) में पानी लगाने के लिए केन्द्र आपको बोरिंग–इंजन, डीजल, पाईप आदि उपलब्ध करायेगा।
6. केन्द्र पर बाग यूनिट में कोई भी अन्य कार्य यूनिट प्रभारी एवं अद्योहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर नही किया जावेगा।
7. निराई, गुडाई, कटाई, दवाओं का छिडकाव/भुरकाव व अन्य संबधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए निविदादाता को कराना होगा। प्रतिकूल मौसम होने पर कार्य रोके जाने अथवा जारी रखने व परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का अधिकार उद्यान यूनिट प्रभारी का होगा।
8. फल उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार की होगी।
9. श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
10. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
11. किसी भी निविदा का बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

Navab S.

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

12. बेर, अमरुद, आंवला, अनार बगीचा व सम्पूर्ण बगीचा को आवश्यकता अनुसार केन्द्र द्वारा जुताई करा दी जावेगी। केन्द्र ट्रेक्टर डीजल सहित उपलब्ध करायेगा।
13. बेर के बगीचा के पौधों के फलों की सरकारी बोली रू. 40000/–है। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल निविदादाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नही किया जावेगा। यह राशि फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। अन्तिम बोली की सम्पूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।
14. निविदादाता के मजदूर व स्वयं फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नही करेंगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।
15. कोरोना महामारी (कोविड–19) के मध्य नजर, श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ टीकाकरण, सामाजिक दूरी, मास्क, सेनेटाईजर एवं आवश्यक साधन/सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
16. कोरोना महामारी (कोविड–19) के सम्बन्ध में भारत/राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले समस्त दिशा–निर्देषों का पालन करना अनिवार्य होगा।
17. बेर बगीचा व सम्पूर्ण बगीचा में लगे फलदार के सभी पेड–पौधों में दवाई छिडकाव का कार्य केन्द्र के ट्रेक्टर द्वारा कार्यालय के डीजल से आवश्यकता अनुसार समय–समय पर करवा दिया जावेगा।
18. केन्द्र के बेरबाग, मदर ऑरचार्ड में लगे फल देने वाले पेड–पौधों में (अमरूद, आंवला, बेर एवं अनार) खाद व उर्वरक केन्द्र द्वारा आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करा दिया जावेगा व उक्त कार्य में लगने वाले श्रमिक स्वयं निविदादाता को लगाने होंगें।
19. मैं निविदा की समस्त शर्तों से सहमत हूं तथा मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिए तैयार हूं।

Senior Scientist & Head
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा ..........................................................................
5. श्रीमान् डीन, कृषि महाविद्यालय, भरतपुर के सूचना पटट्।
6. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर भरतपुर के सूचना पटट्।
7. पंचायत समिति कार्यालय, कुम्हेर भरतपुर के सूचना पटट्।
8. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist & Head
कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur
भरतपुर (राज०)

Scanned with OKEN Scanner